# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांक :–** शिविरा–माध्य / मा–स / 22461 / स्वच्छ भारत / 2014–19 / **दिनांक :–** 28/08/2019

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**
**एवं पदेन परियोजना समन्वयक**
**समग्र शिक्षा अभियान**

**विषय :–** राज्य में दिनांक : 01–15 सितम्बर, 2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाये जाने के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :–** शासन संयुक्त सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्रांक : पं. 24(22)शिक्षा–6 / 2018 दिनांक : 09.08.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली के अर्द्धशास्कीय पत्र दिनांक : 24 जुलाई, 2019 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य में दिनांक : 01–15 सितम्बर, 2019 तक "स्वच्छता पखवाड़ा" आयोजित किया जाना है। उक्त क्रम में प्रासंगिक शास्कीय निर्देशानुसार **"स्वच्छता पखवाड़ा"** मनाये जाने के लिए दिवस वार कार्य योजनानुसार क्षेत्राधिकार में प्रतिदिन की गतिविधियॉ आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित करावें तथा तद्नुरूप गतिविधियों के फोटोग्राफ **secondarydd35@gmail.com** पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करवाते हुए की गई कार्यवाही तथा विद्यालयों एवं भागीदार विद्यार्थियों की संख्या की समुचित अवगति प्रदान करावें।

## <u>स्वच्छता पखवाड़ा दैनिक कार्ययोजना</u>

| **दिनांक** | **कार्ययोजना का विवरण** |
|---|---|
| **1–2 सितम्बर, 2019** **(रविवार एवं सोमवार)** | **<u>स्वच्छता शपथ दिवस</u>**<br>1. स्वच्छता पखवाडा के प्रारंभ में दिनांक 1–2 सितम्बर, 2019 विद्यालय में स्वच्छता शपथ दिवस आयोजित किया जाये, इसमें विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं सहित संस्था प्रधान, समस्त शिक्षक एवं अन्य सहयोगी कर्मचारी प्रातः प्रार्थना सभा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाग लेंगे। (शपथ प्रारूप संलग्न है)<br>2. कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी को विद्यालय अथवा घर में स्वच्छता संबंधी उत्तरदायित्व दिया जाकर स्वः मुल्यांकन हेतु निर्देश दिए जावे।<br>3. संस्था प्रधान / अध्यापकों द्वारा छात्र–छात्राओं को स्वच्छता की आदतों व आवश्यकता पर प्रार्थना सभा में संबोधन / मार्गदर्शन दिया जाए। |
| **3 सितंबर, 2019** **(मंगलवार)** | **<u>स्वच्छता जागरूकता दिवस</u>**<br>स्वच्छता पखवाड़े के तीसरे दिन दिनांक 3 सितम्बर, 2019 को विद्यालय में एसएमसी / एसडीएमसी / पीटीए या शिक्षक–अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया जाए। जिसमें साफ–सफाई एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत चर्चा की जाए। साथ ही बच्चों एवं शिक्षकों को विद्यालय एवं घर में स्वास्थ्यप्रद एवं स्वच्छता का वातावरण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। |

| | |
|---|---|
| 4–5 सितंबर, 2019<br>(बुधवार–गुरूवार) | **सामुदायिक गतिशीलता (Social Mobility)**<br>1. सभी शिक्षक पास के गॉवों में जाकर स्थानीय समुदाय को स्वच्छता से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवावें तथा उन्हें स्वच्छ शौचालय के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें साथ ही उन्हें जल के उचित प्रयोग के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवावें उन्हें जल संरक्षण के संबंध में जागरूक बनावे और उन्हें चल रहे " जल शक्ति अभियान" के संबंध में भी अवगत करवावें।<br>2. स्वच्छता पखवाडा के चौथे व पांचवें दिन दिनांक 4–5 सितम्बर, 2019 को शिक्षकों द्वारा विद्यालय में स्वच्छता संबंधी सुविधओं (शौचालय, मुत्रालय, कुड़ादान, पानी की टंकी/टांका इत्यादि) का निरीक्षण किया जाए और आवश्यकतानुसार किसी भी प्रकार की मरम्मत व नये निर्माण के लिए प्रपोजल/योजना बनाई जाए।<br>3- विद्यालय संस्था प्रधान द्वारा शिक्षक, छात्र–छात्रा व समुदाय की मदद से बडे स्तर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जावें। जिसके तहत शौचालय की साफ–सफाई, मिड–डे–मील किचन, कक्षा–कक्ष, खिड़की, पानी की टंकी/टांका, विद्यालय परिसर एवं आस–पास के क्षेत्र की साफ–सफाई का आयोजन किया जाए। |
| 6 सितंबर, 2019<br>(शुक्रवार) | **हरित पाठशाला अभियान**<br>1- स्वच्छता पखवाडा के छठे दिन दिनांक 06 सितम्बर, 2019 को समस्त विद्यालय संस्था प्रधान अपने विद्यालय में दो प्रकार के कुड़ेदान (ब्लू और हरे रंग) उपलब्ध करवाए। ब्लू रंग के कूड़ेदान में उन वस्तुओं को डाला जाए जिनको पुनः चक्रित (रिसाईकिल) नहीं किया जा सके तथा हरे रंग के कूड़ेदान में उन वस्तुओं को डाला जाए जिनको पुनः चक्रित (रिसाईकिल) किया जा सके। इस प्रक्रिया द्वारा छात्र–छात्राओं को अपशिष्ट के वर्गीकरण के बारे में समझाए।<br>2- विद्यालय में पौधे लगाए (वृक्षारोपण) तथा शौचालय उपयोग एवं हाथ धोने, मिड–डे–मील के बर्तन धोने के उपरांत बेकार पानी का उपयोग पौधों एवं बालवाटिकाएं विकसित करने में किया जाए।<br>3- इस दिवस पर विद्यालय संस्था प्रधान अपने निर्धारित नियमानुसार विद्यालय संपतियों का रिकार्ड इन्द्राज करवाकर सभी प्रकार की बेकार वस्तुओं यथा टूटा फर्नीचर, अनुपयोगी औजार, बेकार सामग्री इत्यादि को विद्यालय परिसर से हटवाना सुनिश्चित करें। |
| 7 सितंबर, 2019<br>(शनिवार) | **स्वच्छता सहभागिता दिवस**<br>1- स्वच्छता पखवाडा के सातवें दिनं दिनांक 07 सितम्बर, 2019 को स्वच्छता सहभागिता दिवस जिला /ब्लॉक/कलस्टर स्तर पर मनाया जाए । जिसके तहत विद्यालय/कार्यालय परिसरएवं शौचालय को सबकी सहभागिता से स्वच्छ, साफ–सुथरा एवं व्यवस्थित रखा जाए ।<br>2- विद्यालय संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधित विषय परनिबन्ध/प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, वाद–विवाद, स्वच्छता मेला तथा कविता/नारा लेखन का आयोजन किया जाए। |
| 8–9 सितंबर, 2019<br>(रविवार–सोमवार ) | **हाथ धुलाई दिवस**<br>1- स्वच्छता पखवाडा के आठवे एवं नवें दिन को छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिका द्वारा हाथ धुलाई दिवस मनाया जाए। जिसके तहत विद्यालय संस्था प्रधान समेत समस्त छात्र–छात्रा, शिक्षक/शिक्षिका एवं अन्य कर्मचारी नाखून काटेंगें तथा शौचालय उपयोग एवं खाना खाने से पूर्व साबुन से हाथ धोने की सही प्रक्रिया का अभ्यास करेंगे । दिव्यांग छात्र/छात्राओं के लिए विद्यालय में पेयजल एवं शौचालय सुविधा तक बाधा रहित पहुँच सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाए। |

10 सितंबर, 2019 (मंगलवार)

**व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस**

1- स्वच्छता पखवाडा के दसवें दिन संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में ऑडियो विडियो कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में समस्त छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को जानकारियां प्रदान की जाए ।

2- स्वच्छता व साफ सफाई का व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पर पडने वाले अच्छे प्रभावों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराए तथा स्वच्छता संबंधित सामग्री यथा पोस्टर, किताबें, ब्रोशर भी प्रदर्शित किए जाएँ ।

11 सितंबर, 2019 (बुधवार )

**स्वच्छता ही सेवा (SHS) दिवस**

1- स्वच्छता पखवाडा के ग्यारहवें दिन विद्यालय में " स्वच्छता ही सेवा दिवस" मनाया जावे, जिसके तहत कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा साबुन से उचित तरीके से हाथ धोने का कार्यक्रम आयोजित किया जाये । विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान किया जाए । कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के बाहर श्रमदान के स्वच्छता संबंधित कार्य किए जाए ।

12 सितंबर, 2019 (बुधवार )

**विद्यालय स्वच्छता प्रदर्शनी दिवस**

1- स्वच्छता पखवाडा के बारहवें दिन विद्यालय में स्वच्छता गतिविधियों के फोटोग्राफ, चित्रकला, कार्टुन्स, स्लोगन इत्यादि को विद्यालय परिसर मे प्रदर्शित किया जाए। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के अभिभावक व समुदाय के लोगों को प्रदर्शनी को देखने के लिए आमंत्रित किया जाए।

2- सोशल मीडिया, इलैक्ट्रोनिक बैनर के माध्यम से स्वच्छता अभियान का प्रचार प्रसार किया जाए।

3- स्वच्छता पखवाडा संबंधित गतिविधियों का जिला स्वच्छता शाखा द्वारा दस्तावेजीकरण किया जाए ।

4- स्थानीय स्तर पर विद्यालय स्वच्छता सुविधाओं में चित्रकारी करवाकर स्थानीय कल्चर का प्रचार प्रसार किया जाए ।

13 सितंबर, 2019 (गुरूवार )

**स्वच्छता कार्य दिवस (Action Day)**

1- स्वच्छता पखवाडा के तेहरवें दिन बाल सभा में स्वच्छता पखवाडा दिवस की समस्त गतिविधियों की चर्चा की जाए और नई गतिविधियों की भी चर्चा की जाए जो विद्यालय द्वारा संपादित की जा सकती हों ।

2- विद्यार्थियों में व्यक्तिगत स्वच्छता, शारीरिक स्वच्छता, पर्यावरणीय स्वच्छता एवं सामाजिक स्वच्छता आदि के प्रति जागरूकता लाई जावे ।

3- जिला/ब्लॉक/समूह स्तर पर स्वच्छ और अच्छे व्यवस्थित परिसर एवं विद्यालयों में साफ शौचालय के संबंध में प्रतियोगिता आयोजित की जाए ।

4- जल भंडारण को चैक किया जाए। विद्यालय में पीने के पानी का निरीक्षण किया जाए एवं बच्चों के लिए अच्छे पीने योग्य पानी का संरक्षण किया जाए।

5- विद्यार्थियों को स्वच्छ शौचालय के प्रयोग करने एवं स्वच्छ पानी का उपयोग करने को बताया जावे ।

14 सितंबर, 2019 (गुरूवार )

**पत्र लिखाई दिवस**

1- स्वच्छता पखवाडा के चौदहवें दिन संस्था प्रधान द्वारा छात्र–छात्राओं के माध्यम से सरपंच व एस.एम.सी सदस्यों को विद्यालय परिसर के विद्यालय की आवश्यकताओं के लिए पत्र लिखा जाए ।

2- छात्र–छात्रा अपने अभिभावक को पिछले 13 दिन में स्वच्छता सबंधित की गई गतिविधियों से जो नई जानकारियां प्राप्त की, उनकी जानकारी देते हुए स्वच्छ परिवेश विकसित करने में अभिभावकों से अपेक्षा पर पत्र लिखें । संस्था प्रधान

विद्यालय में एक सर्वश्रेष्ठ पत्र की प्रति संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन परियोजना अधिकारी को प्रेषित करेंगे तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जिले के तीन सर्वश्रेष्ठ पत्रों को इस कार्यालय की ई–मेल आई डी **secondarydd35@gmail.com** पर प्रेषित करेंगें । विद्यालयों से सीधे ही प्राप्त पत्र एवं फोटो स्वीकार नहीं होंगें ।

**15 सितंबर, 2019**

**(शुकवार )**

**पुरस्कार वितरण दिवस**

1- स्वच्छता पखवाडा के पंद्रहवें दिन संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में स्वच्छता संबंधित की गई गतिविधियों के फोटोग्राफ, बच्चों द्वारा दिए गए संदेशों की एक पुस्तक तैयार कर उसमें पेस्ट किया जाए। विद्यालय संस्था प्रधान इस प्रक्रिया में समस्त छात्र–छात्राओं की भीगीदारी को सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक छात्र–छात्रा द्वारा एक पेज '' **स्वच्छता अनुभवों** '' के बारे में लिखा जाना सुनिश्चित करें ।

2- स्वच्छता पखवाडा के आखिरी दिन समस्त संस्था प्रधान स्वच्छता पखवाडा से संबंधित की गई गतिविधियों को समेकित कर तथा स्वच्छता के लिए किए गए बेहतर कार्यो से जिला व राज्य स्तर को फोटोग्राफ, चित्रकला, निबंध, दस्तावेज, ब्रॉशर इत्यादि की साफ्ट व हार्ड कॉपी के माध्यम से सूचित करेंगें ।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दिवसवार गतिविधियों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें एवं उक्त गतिविधियों के फोटोग्राफ समस्त विद्यालयों से प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ तीन फोटोग्राफ/सूचना विभाग की ई–मेल आई.डी **secondarydd35@gmail.com** पर आप स्वयं अपलोड करेंगे। विद्यालयों से सीधे ही प्राप्त फोटोग्राफ/सूचना अमान्य होगी।

संलग्न :– प्रतिज्ञा।

**(नथमल डिडेल)**
**आई.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान जयपुर।
02. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर सह विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
03. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
04. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
05. शासन संयुक्त सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
06. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को संभाग क्षेत्राधिकार में प्रभावी प्रबोधन हेतु।
07. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय–माध्यमिक शिक्षा।
08. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
09. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
10. स्टाफ आफिसर, कार्यालय हाजा।
11. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

# प्रतिज्ञा

मैं सत्यनिष्ठा से यह प्रतिज्ञा करता हुँ/करती हुँ कि मैं स्वयं स्वच्छ रहुँगा/रहुँगी। मेरे विद्यालय, घर तथा आस–पास स्वच्छता रखूँगा/रखूँगी और अन्य लोगों को भी स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित करूँगा/करूँगी।

मैं खुले में शौच नहीं करूँगा/करूँगी साथ ही अन्य लोगों को भी शौचालय के निर्माण, नियमित उपयोग एवं स्वच्छता हेतु प्रेरित करूँगा/करूँगी।

मैं विद्यालय शौचालय उपयोग उपरान्त उसे साफ रखूँगा/रखूँगी। मैं शौच के उपरान्त तथा भोजन से पूर्व साबुन से हाथ धोऊँगा/धोऊँगी तथा अपने साथियों एवं परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करूँगा/करूँगी।

स्वच्छ एवं तन्दुरूस्त रहना तथा स्वच्छता बनाए रखना मेरा ध्येय है। मैं इसे प्राप्त करने की प्रतिज्ञा करता/करती हुँ।

## जय हिन्द ।